हाजीपुर युवा उत्सव के परिणाम पर सवाल मेधावी युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे

हाजीपुर (आससे)। जिला युवा उत्सव 2026-27 का परिणाम आते ही विवादों में घिर गया है। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय उत्सव के बाद कई प्रतिभागियों ने आरोप लगाया है कि चयन प्रक्रिया में मापदंडों की अनदेखी की गई। कई प्रतिभागियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई विजेता कलाकार स्तरीय नहीं थे, फिर भी उन्हें पुरस्कृत कर दिया गया। उनका कहना है कि अनुभवी और बेहतर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को नजरअंदाज किया गया, जिससे मेधावी युवाओं में आक्रोश है। प्रतिभागियों ने बताया कि विरोध के बावजूद उन्हें मजबूरी में परिणाम मानना पड़ रहा है। संस्थानों का भी कहना है कि निर्णायक मंडल ने कला-कौशल और रचनात्मकता के तय मानकों पर सही मूल्यांकन नहीं किया। सवाल उठ रहा है कि जब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले से चयन होना है, तो क्या ऐसे कमजोर चयन से वैशाली की छवि प्रभावित नहीं होगी ? प्रतिभागियों ने जिला प्रशासन से मूल्यांकन शीट सार्वजनिक करने और जांच की मांग की है।

प्राकृतिक खेती मे कम होगी लागत बढ़ेगी किसानों की आमदनी

केसरिया। किसान भवन में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ कुमुद कुमार, बीएओ अंकुर कुमार राय, बीटीएम दिलीप कुमार सिंह, भाजपा नेता आनंद सिंह एवं सुमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत ड्रैगन फ्रूट का पौधा देकर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती की तकनीक और जैविक खाद के उपयोग की जानकारी दी गई।

महुआ नप में नुक्कड़ नाटक से चलेगा स्वच्छता जागरुकता अभियान

महुआ (आससे)। नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर नगर परिषद महुआ द्वारा शहर के सभी 25 वार्डों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वार्ड 01, 03, 07, 12, 15, 19 सहित सभी वार्डों में कलाकारों ने लाल कुर्ता और पीले गमछे में गीत-संगीत और अभिनय के जरिए लोगों को गीला-सूखा कचरा अलग रखने, कचरा गाड़ी में ही कचरा देने, खुले में शौच से बचने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संदेश दिया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुटे। नगर कार्यपालक पदाधिकारी सोनू कुमार राय ने बताया कि यह आयोजन स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर किया जा रहा है। स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर महुआ तभी बनेगा जब हर नागरिक भागीदारी निभाएगा। सभापति नवीन चंद्र भारती ने कहा कि नगर की सफाई सबकी जिम्मेदारी है। उपसभापति रोमी यादव ने घर-मोहल्ला साफ रखने की अपील की। ठोस अवशिष्ट पदाधिकारी नेहा कुमारी ने कचरा पृथक्करण का महत्व बताया। इस मौके पर सिटी मैनेजर विनय रंजन, वीरचंद्र कुमार, सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार भी मौजूद रहे।



किसान गोष्ठी में पीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

गोरौल वैशाली (आससे)। ई-कृषि कार्यालय गोरौल के सभागार में शुक्रवार को किसान गोष्ठी हुई। किसानों ने डिजिटल स्क्रीन पर गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।

कृषि विभाग की ओर से आयोजित गोष्ठी में प्रखंड कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र पासवान, बीटीएम अंकिता शर्मा ने किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में राशि भेजे जाने की जानकारी भी साझा की गई। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और कृषि सुविधाओं का उपयोग करने के बारे में बताया।

इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवजी पासवान, बीटीएम अंकिता शर्मा, कृषि समन्वयक राजेश कुमार और किसान सलाहकार मिथिलेश कुमार सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

चाय दुकान से देसी कट्टा और 24 खोखा बरामद, दो गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे)। महिसौर थाना पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के एक चाय दुकान से पुलिस ने एक देसी कट्टा और 24 खोखा बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात महिसौर थाने को गुप्त सूचना मिली थी कि एक चाय की दुकान में अवैध देसी कट्टा छिपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने उक्त स्थान पर पहुंचकर चाय दुकान खुलवाकर विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान के अंदर प्लास्टिक टेबल के नीचे रखे लाल रंग के थैले से एक देसी कट्टा और 24 खोखा बरामद किया गया। इस संबंध में दुकान संचालक जयराम साहनी से पूछताछ की गई तो उन्होंने दुश्मनी के कारण फंसाए जाने की बात कही। पुलिस ने सभी पहलुओं पर जांच करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महिपुरा निवासी राजा कुमार और गुड्डू कुमार उर्फ गुड्डू घटिया के रूप में हुई है। दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है। राजा पर मारपीट और गुड्डू पर शराब तस्करी व मारपीट का मामला दर्ज है। पुलिस ने कांड संख्या 64/26 दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जनगणना होगी अंकीय माध्यम से अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

संगणना प्रवेशद्वार और उपकरणों के संचालन का व्यवहारिक अभ्यास, तीन समूहों में होगा प्रशिक्षण

हाजीपुर (आससे)। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण जनसंख्या परिगणना को लेकर वैशाली जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी वर्षा



सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण चल रहा है। इस बार जनगणना कागज पर नहीं, बल्कि अंकीय माध्यम से होगी। अधिकारियों और कर्मियों को संगणना प्रबंधन प्रणाली प्रवेशद्वार और विभिन्न संगणना अंकीय उपकरणों के संचालन का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण तीन समूहों में आयोजित होगा। प्रथम समूह का प्रशिक्षण 30 और 31 अक्टूबर को चल रहा है, जिसमें अपर समाहर्ता, अपर जिला जनगणना अधिकारी-सह-जिला ग्रामीण विकास अभिकरण निदेशक, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रभार अधिकारी-सह-नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित 45 पदाधिकारी-कर्मी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का समय प्रातः साढ़े नौ बजे से सायं सवा छह बजे तक निर्धारित है। द्वितीय समूह का प्रशिक्षण 1 और 2 नवंबर तथा तृतीय समूह का 3 और 4 नवंबर को होगा।

जनता दरबार में 47 परिवादों की सुनवाई

हाजीपुर (आससे)। समाहरणालय परिसर स्थित संवाद कक्ष मे शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में 47 परिवादों की सुनवाई हुई। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर यह जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, पुलिस, अवर निबंधक, आवास, विद्युत, आपूर्ति, आईसीडीएस, स्वास्थ्य, जीविका, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन और सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले आए। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सात दिनों के भीतर नियमानुसार परिवादों का निष्पादन कर कार्रवाई प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। शिकायतों के निष्पादन में लापरवाही नहीं बरतने को कहा गया है। सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत जिला, अनुमंडल, प्रखंड और थाना स्तर पर नियमित जनता दरबार हो रहा है। गुरुवार को चारों स्तर पर कुल 66 आवेदनों पर कार्रवाई की गई।

युवा रोजगार शिविर में निजी कंपनी करेगी 50 पदों पर चयन

4 नवंबर को जिला नियोजनालय में लगेगा शिविर, चेन्नई में मिलेगा कार्य

हाजीपुर (आससे)। जिला पदाधिकारी के निर्देशन में जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, वैशाली द्वारा 4 नवंबर 2026 को रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार शिविर में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी एमआरएफ भाग लेगी। कंपनी द्वारा कुल 50 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। 12वीं, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं पत्रोपाधि उत्तीर्ण 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत निर्धारित मानदेय के साथ कंपनी की ओर से अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल चेन्नई होगा। शिविर में भाग लेने के लिए बिहार रोजगार सेतु प्रवेशद्वार पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त, आधार पत्र, स्थायी लेखा संख्या पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अंक पत्र तथा पासपोर्ट आकार के दो रंगीन छायाचित्र के साथ उपस्थित हों। रोजगार शिविर का आयोजन जिला नियोजनालय, यदुवंशी नगर, 54 रेल फाटक, दिग्घी कला पश्चिमी, हाजीपुर में सुबह साढ़े दस बजे तक होगा।

लगातार बारिश से फसल बर्बाद

भगवानपुर (वैशाली) (आससे)। पिछले दो दिनों से अनंब चक्रवात के कारण लगातार बारिश होने के कारण भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र की किसानों का धान का फसल बर्बाद कर दिया।धान की फसल बर्बाद होने से आम किसानों आर्थिक रूप से कमर तोड़ दिया है। क्षेत्र के अधिकांश किसान अपना धान की फसल काट चुके थे, लेकिन खेत से घर लाने के पहले ही फसल पानी में डुबकर बर्बाद हो गया।आम किसानों का कहना है कि पिछले साल भी इसी तरह उनका धान का फसल चक्रवाती तूफान का शिकार हो गया था, इस साल भी यही हाल हुआ। प्रकृति की लगातार प्रकोप से किसानों की आर्थिक रूप से कमर टुट गई है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के अधिकांश किसान बैंक से केसीसी ऋण या नीजि लोगों से कर्ज लेकर खेती करते हैं। ऐसे में उनका फसल बर्बाद होने से वे कर्ज चुकाने में भी सक्षम नहीं है,अब तो आम किसान सरकार के तरफ ही आश लगाए बैठे हैं।इस संबंध में भगवानपुर प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार सिंह ने क्षेत्र के आम किसानों की भारी क्षति को देखते हुए जिला प्रशासन और बिहार सरकार से सभी किसानों को फसल क्षति मुआवजा राशि देने एवं केसीसी ऋण माफ करने की मांग किया है।

नगर विकास मंत्री से मिले प्रतिनिधि, मरीन ड्राइव समेत कई योजनाओं पर पहल

महुआ (आससे)। महुआ नगर परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर नगर विकास मंत्री से आग्रह किया गया था। इस पर मंत्री ने संबंधित योजनाओं पर विभागीय कार्रवाई आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। विशेष रूप से महुआ में मरीन ड्राइव निर्माण की दिशा में पहल अहम है। इसके तहत गांधी नदी के किनारे काली घाट से मेडिकल कॉलेज तक लगभग 2000 मीटर सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण तथा लगभग 2000 मीटर सीढ़ी घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा महुआ में जाम की समस्या से निजात के लिए लगभग 4500 मीटर बाईपास सड़क निर्माण, वार्ड संख्या 04 में पोखर के जीर्णोद्धार एवं विकास, प्रखंड परिसर में सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण और बच्चन शर्मा चौक पर पुराने जर्जर शौचालय के स्थान पर आधुनिक डिलक्स शौचालय निर्माण का भी आग्रह किया गया है।

इन योजनाओं से महुआ में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, शहर का सौंदर्यीकरण और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।



बिहार सरकार
जिला खनन कार्यालय, मधुबनी
(जिला खनन कार्यालय)
आम सूचना

सभी जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लघु खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध देवधा थाना काण्ड सं०–84/2026 में जे०सी०बी० (लोडर) जिसका इंजन संख्या–**H00030423**, चेसिस संख्या–**1487643 F 2012,** निबंधन संख्या अंकित नहीं को जब्त कर देवधा थाना में रखा गया है। उक्त वाहन स्वामी से संबंधित विवरणी **वाहन पोर्टल 4.0** पर नहीं पाया गया तथा वर्त्तमान तक किसी व्यक्ति विशेश द्वारा वर्णित वाहन पर स्वामित्व (मालिकाना) का दावा नहीं किया गया है।

अतः जन साधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित वाहन स्वामी सात दिनों के अन्दर जिला खनन कार्यालय, मधुबनी में वाहन स्वामित्व संबंधित दस्तावेज समर्पित करें, अन्यथा उपरोक्त वाहन पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

समाहर्त्ता,
मधुबनी

PR. No. 014569 (Mines) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

एमएलसी चुनाव में वंशीधर ब्रजवासी की जीत पर समर्थकों में खुशी

भगवानपुर(वैशाली) (आससे)। एमएलसी चुनाव में वंशीधर ब्रजवासी की जीत पर उनके समर्थकों में खुशी व्याप्त है। इस संबंध में पूर्व जिला पार्षद रंजीत पासवान, पूर्व मुखिया राजीव कुमार चौधरी, शिक्षक अमरनाथ हिमांशु, अरविन्द कुमार, आफताब आलम,मो.अरशद, कौशल किशोर, महेश दास, रमेश कुमार, विन्देश्वर सिंह, राघवेन्द्र प्रसाद सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विपिन कुमार सुमन, दिनेश कुमार ठाकुर, जयप्रकाश ठाकुर सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए श्री वंशीधर को बधाई दिया है। इन लोगों ने आशा व्यक्त किया है कि श्री वंशीधर के नेतृत्व में तिरहुत क्षेत्र की बेरोजगार स्नातकों और आम जन समस्याओं का निदान होगा।



खड़गे के बयान को गलत तरीके से पेश करने के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

महुआ (आससे)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के वक्तव्य को गलत तरीके से पेश किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महुआ के मंगरू चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान वैशाली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजीत पंडित ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के वक्तव्य को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सार्वजनिक वक्तव्य को उसके वास्तविक संदर्भ में समझना जरूरी है। जिला प्रभारी मुन्ना खान ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में नेता के वक्तव्य को उसके वास्तविक भाव के अनुरूप प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि जनता में भ्रम न फैले।प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मंजेलाल राय एवं वरिष्ठ नेता राजू साह ने कहा कि भाजपा द्वारा खड़गे जी के बयान को गलत तरीके से पेश करने का कांग्रेस विरोध करती है। महुआ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष उत्कर्ष महाराज ने राजनीतिक विमर्श में भाषा की मर्यादा बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम में बिपिन कुमार सिंह, उत्तम कुमार ठाकुर, अभिषेक कुमार, चंदन झा, पवन झा, मो. मंसूर आलम, राकेश कुमार, अर्जुन मांझी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विद्युत् कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत् भवन प्रमंडल-छपरा, भवन निर्माण विभाग
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–19 वर्ष 2026–2027

(1) विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग,छपरा।
(2) परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय : 18.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(3) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.30 बजे तक।
(5) परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा भवन निर्माण विभाग। (2) विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना,भवन निर्माण विभाग। (3) विद्युत भवन प्रमंडल, मोतिहारी भवन निर्माण विभाग।
(6) निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुसार
(7) कार्य की विवरणी :

क्रम सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	आपूर्ति/कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Provision to UPS Wiring for Computer, Display and Computer Wiring for Scanning & Digitization Centre in New 16 Court (G+5) Civil Court Siwan, Distt: Siwan .	13,99,301.00	28,000.00	2500.00	30 दिन

विद्युत् कार्यपालक अभियंता
विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा

PR- 014509 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ
अरण्य विहार, सिपाह, पटना–राँची रोड वाईपास, थाना–दीपनगर, बिहारशरीफ–803216

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नालंदा वन प्रमंडल, बिहारशरीफ के राजगीर विशेष प्रक्षेत्र अंतर्गत संचालित जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा सं० 16/2026–27 (PR No- 013500 (Forest) 2026-27) प्रकाशित की गई थी, जिसके खुलने की तिथि 30.10.2026 निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा रद्द की जाती है।

जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु नई निविदा ई–प्रोक्योरमेंट (e-proc-2) पोर्टल के माध्यम संपन्न कराये जाने की सूचना से पुनः प्रकाशित की जाएगी।

(राजकुमार एम)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ

PR- 014568 (Forest) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/वर्ष 2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–27.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड आरंभ करने की तिथि:– दिनांक–04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक–06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक–06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकी वीड) खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–06.11.2026 को 5.00 बजे अपराह्न में। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी:–

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस अन्य	कार्य समाप्ति की अवधि (दिन में)
1	2	4	5	6	7	8
	PROVIDING TEMPORARY WATER SUPPLY & SANITARY FACILITIES INCLUDING REPAIR AND MAINTENANCE WORK AT VERIOUS PLACES IN SONPUR MELA AREAS ON OCASSION OF SONEPUR MELA-2026					
1	Supplying all materials labours ,tools and tackles for constructing Exihibition stall of size 30'-0" x 50'-0" with VIP Rest room with toilet cum- washroom, LED Screen, Sound System walk way etc and other in sonepur mela at Nkhash etc all complete.	9.95430	20000.00	1250.00	As per online	15 दिन

7. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी वीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा की वैद्यता की तिथि : निविदा खोलने की तिथि से 60 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा https://eadvtprd.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को https://eproc2.bihar.gov.in पर पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.014511 (PHED) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना

नाम : आयुषी (काल्पनिक नाम) रंग : गोरा
उम्र : 04 दिन (उपरथापन तिथि को) माता/पिता–अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : ग्राम–करैला, थाना–धनसोई, जिला–बक्सर।
समिति के समक्ष उपरथापन की तिथि–29.09.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता–पिता/ अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न0–9939679408, 9709661625 एवं ई0मेल–adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयाविधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधान्वित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014460 (B&C) 2026-27

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कारवाई

पिकअप पर लदे 10 मवेशी बरामद, चालक गिरफ्तार

मोतिहारी(आससे)। जिले में पशु तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के कुंवारी देवी चौक से एक पिकअप पर लदे 10 मवेशियों के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से पशु तस्करी के धंधे में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन पर मवेशियों को ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुंवारी देवी चौक पर वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पिकअप पर कुल 10 मवेशी लदे हुए पाए गए। इसके बाद पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार चालक की पहचान मुस्ताक खान, पिता मोहम्मद खान, निवासी पकड़िया, थाना दरपा, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने मवेशियों सहित पिकअप को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को पशु तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

रैली में पिपरा विधानसभा से जुटेंगे दो हजार कार्यकर्ता

चकिया (पूर्वी चम्पारण)। पिपरा विधानसभा क्षेत्र के चकिया स्थित राजमहल होटल में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक विधायक श्यामबाबू यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 1 नवंबर को दोपहर 12 बजे मोतिहारी के जिला स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली एवं पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। विधायक श्यामबाबू यादव ने कहा कि रैली में पिपरा विधानसभा क्षेत्र से करीब दो हजार लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत, दहेज हत्या का आरोप

कोटवा (आससे)। कोटवा थाना क्षेत्र की मच्छरगांवा पंचायत के फतुहा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रूपसाल कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। महिला की मौत के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार रूपसाल कुमारी की शादी वर्ष 2021 में फतुहा गांव निवासी सुरेंद्र राम के साथ हुई थी। उनका मायका हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पकड़िया बाजार में है। महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे।मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर महिला की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि, महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।